हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2025 (द्वितीय तिमाही)

स्रोत: द हिंदू

भारत ने हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2025 (द्वितीय तिमाही) में **77वाँ स्थान** प्राप्त किया है, जो कि **जनवरी 2025 (प्रथम तिमाही)** में **85वें स्थान** पर था। यह वृद्धि **भारतीय नागरिकों की वैश्विक यात्रा स्वतंत्रता (Global Mobility)** में एक **साधारण लेकिन उल्लेखनीय सुधार** को दर्शाता है।

- भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 59 गंतव्यों तक वीजा-मुक्त या आगमन पर वीजा (वीज़ा-ऑन-अराइवल) की सुविधा प्राप्त होगी, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या 57 थी। **फिलिपींस** और **श्रीलंका** हाल ही में उन दो नए देशों के रूप में जुड़े हैं, जहां **भारतीय नागरिक अब वीज़ा मुक्त यात्रा** कर सकते हैं।
- सिंगापुर 193 गंतव्यों तक पहुँच के साथ पहले स्थान पर है, उसके बाद जापान और दक्षिण कोरिया 190 गंतव्यों तक पहुँच के साथ दूसरे स्थान पर हैं।
- हेनले पासपोर्ट सूचकांक, अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (IATA) के आँकड़ों का उपयोग करते हुए, 227 गंतव्यों तक वीजा-मुक्त पहुँच के आधार पर 199 पासपोर्टों की रैंकिंग करता है तथा इसे तिमाही आधार पर अद्यतन किया जाता है।
    - IATA 300 एयरलाइनों का व्यापार निकाय है, जो वैश्विक हवाई यातायात का 83% कवर करता है। इसका मुख्यालय **मॉन्ट्रियल, कनाडा** में है।

और पढ़ें: हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2025

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/2025-henley-passport-index-q2